आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक


हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 33 लखनऊ, सोमवार 07 दिसम्बर से 13 दिसम्बर, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रुपया

## प्रधानमंत्री मोदी आज देंगे आगरा को मेट्रो रेल की सौगात

राकेश पाण्डेय ''निश्छल''

लखनऊ। बहुप्रतीक्षित मेट्रो रेल की सौगात आगरा वासियों को आज मिलने वाली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात दिसंबर रविवार को इस परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम से जुड़ेंगे। सरकार की योजना के अनुसार, २ साल बाद आगरा के लोग मेट्रो की सवारी कर सकेंगे। पहले चरण को दिसंबर २०२२ तक पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीएमआरसी को खास तौर से निर्देश जारी किए हैं। योगी सरकार अब आगरा के लोगों को मेट्रो का सफर कराने की तैयारी में जुट गई है। तय योजना के पहले चरण में दिसम्बर २०२२ तक सिकन्दरा से ताज ईस्ट गेट तक मेट्रो का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। आगरा मेट्रो की कुल लागत (केंद्रीय करों सहित) ८३७६.६२ करोड़ रुपए होगी । इसमें पहले चरण में सिकंदरा से ताज ईस्ट गेट कारिडोर तैयार किया जाएगा । सबसे पहले ताज ईस्ट से जामा मस्जिद तक ६ किलोमीटर तक प्राथमिक सेक्शन तैयार किया जाएगा। इस सेक्शन में कुल ६ मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। इसमें ताज ईस्ट गेट, बसई, फतेहाबाद रोड ३ उपरिगामी मेट्रो स्टेशन बनेंगे। ताज महल, आगरा फोर्ट और जामा मस्जिद भूमिगत मेट्रो स्टेशन होंगे। दूसरा करिडोर, आगरा कैंट से कालिंदी विहार के बीच निर्मित होगा। इस करिडोर की लंबाई १५.४ किमी. होगी और इसके अंतर्गत कुल १४ स्टेशन होंगे। दूसरे करिडोर में, शहर के आगरा कैंट, सदर बाजार, कलेक्ट्रेट, सुभाष पार्क, आगरा कॉलेज, हरिपर्वत चौराहा, संजय प्लेस, एमजी रोड, सुल्तानगंज क्रासिंग, कमला नगर, रामबाग, फाउंड्री नगर, आगरा मंडी और कालिंदी विहार पर मेट्रो स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्राथमिक सेक्शन के एलिवेटेड सेक्शन के सिविल निर्माण का कन्ट्रैक्ट मेसर्स सैम (इंडिया) बिल्टवेल प्राइवेट लि. को दिया गया है। आगरा मेट्रो रेल परियोजना में कॉरिडोर–१ का डिपो तैयार करने के लिए ६.३७ हेक्टेयर जमीन चयनित की गई है। इसमें से ८.०६ हेक्टेयर जमीन पीएसी १५ वीं वाहनी और १.२८ हेक्टेयर जमीन मंडलायुक्त कार्यालय की है। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के डिपो के निर्माण कार्य का जिम्मा मेसर्स लीशा इंजीनियर्स प्राइवेट लि. को दिया गया है। कारीडोर आगरा मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत २६.४ किमी. लंबे २ कॉरिडोर्स का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसमें सिकंदरा से ताज ईस्ट गेट कुल १४ किलोमीटर एक कॉरिडोर तैयार किया जाएगा।



इसमें ६ उपरिगामी व ७ भूमिगत स्टेशन होंगे जबकि १५.४ किलोमीटर लम्बे आगरा कैंट से कालिंदी विहार कॉरिडोर में १४ उपरिगामी स्टेशन होंगे। पीएसी की १५ बटालियन परेड ग्राउंड में होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेट्रो रेल परियोजना निर्माण के शिलान्यास के मौके पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहेंगे। मेट्रो रेल परियोजना से आगरा की २६ लाख से अधिक आबादी को फायदा मिलेगा। हर साल आगरा आने वाले लगभग ६० लाख पर्यटकों के लिए मेट्रो एक शानदार सेवा होगी। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के रूप में आगरा शहर को एक अत्याधुनिक और वैश्विक स्तर का मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस) उपलब्ध हो सकेगा। आगरा मेट्रो के कॉरिडोर्स इस तरह से प्लान किए गए हैं कि शहर के ४ प्रमुख रेलवे स्टेशनों, बस डिपो, कलेजों, प्रमुख बाजारों और पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा जा सके। यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने बताया कि आगरा मेट्रो पर्यावरण के अनुकूल, आराम दायक एवं बाधारहित सार्वजनिक यातायात का साधन उपलब्ध कराएगी। आगरा में ताजमहल और आगरा फोर्ट जैसे विश्व–प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक मेट्रो आवाजाही को आसान बनाएगी। इसका सबसे बड़ा फायदा पर्यटन विकास में होगा। हमारी टीम के लिए निर्धारित समय–सीमा के अंदर, शहर के बीचों बीच मेट्रो करिडोर का निर्माण करना एक बड़ी चुनौती है। हम इसे पूरा करते हुए तय समय सीमा में मेट्रो उपलब्ध करायेंगे।

## वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण का इंतजाम करें अधिकारीः योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड वैक्सीन को स्टोर करने के लिए सभी जिलों में कोल्ड चेन स्थापित की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव,



अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा तथा अपर मुख्य सचिव गृह को टीम बनाकर वैक्सीन स्टोरेज की सुरक्षा के प्रबन्ध करने के निर्देश दिये। योगी ने रविवार को अपने आवास पर आयोजित बैठक में कहा कि राज्य सरकार कोविड–१६ वैक्सीन के स्टोरेज के लिये पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिये राज्य सरकार संकल्पबद्ध है और इस दिशा में सभी प्रयास किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि कल की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश में वैक्सीन स्टोरेज क्षमता को १५ दिसम्बर तक बढ़ाकर दो लाख ३० हजार लीटर करने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने जिला तथा मण्डल स्तर पर कोरोना वैक्सीन के स्टोरेज के लिये सुरक्षित कोल्ड चेन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने वैक्सीन लगाने के लिये बड़ी संख्या में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करने के भी निर्देश दिए थे।

## नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण की प्रक्रिया का शुभारंभ

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग में बहुप्रतीक्षित ६६ हजार शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो गई। शनिवार को सीएम योगी ने ३६,५६० नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में ०५ नवचयनित युवाओं को मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ, जबकि जिलों में आयोजित कार्यक्रम में सरकार के मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नियुक्ति पत्र वितरित किए।सीएम योगी ने कहा कि, ६६ हजार शिक्षक चयन की प्रक्रिया को जनवरी, २०२० में ही पूर्ण हो जाना चाहिए था, लेकिन कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थों और कुत्सित राजनीति से प्रेरित होकर चंदा वसूली कर जैसे–तैसे हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक इसे उलझाए रखा। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने उप्र सरकार की रीति और नीति को ही सही माना। अंततः आज यह महत्वपूर्ण चयन प्रक्रिया सम्पन्न हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन रोजगार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। यह आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

## दारोगा की करीबी महिला के सिर में गोली लगने से मौत

लखनऊ। चिनहट के ओमेगा अपार्टमेंट में रविवार को दारोगा की करीबी महिला की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। अपार्टमेंट के आठवें मंजिल पर रहने वाले दारोगा राहुल राठौर लखनऊ के साइबर सेल में तैनात थे हाल में ही दारोगा का स्थानांतरण ललितपुर जिले में हुआ था। राहुल और ममता की कुछ साल पहले दोस्ती हुई थी और तब से दोनों साथ में रह रहे थे। रविवार को दिन में ममता के सिर में संदिग्ध हालात में गोली लग गई। घर पर मौजूद राहुल ने सबसे पहले बीबीडी चौकी इंचार्ज को घटना की सूचना दी। इसके बाद खुद ममता को निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर



दिया। राहुल शादीशुदा था और कुछ महीने पहले उसका पत्नी से विवाद भी हुआ था। साइबर सेल में तैनाती के दौरान पत्नी ने दफ्तर में जमकर हंगामा किया था। यही नहीं ममता से करीबी संबंध का आरोप लगाकर महिला ने साइबर सेल में राहुल की पिटाई भी की थी।बताया जा रहा है कि ममता रेलवे में तैनात थी और राहुल के साथ ही रह रही थी। एसीपी विभूति खंड स्वतंत्र कुमार सिंह के मुताबिक छानबीन में सामने आया है कि अवैध असलहे से ममता के सिर में गोली लगी थी। दारोगा से पूछताछ की जा रही है। फरेंसिक टीम मौके पर साक्ष्य संकलन कर रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से पड़ताल कर रही है। अभी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

# सम्पादकीय

## पूर्वोत्तर में जल सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती चीन

पहले वास्तविक नियंत्रण रेखा से आगे बढ़ कर भारतीय इलाके पर कब्जा किया। वहां से उसके लौटने का कोई संकेत नहीं है। अब उसने भारत के पूर्वोत्तर इलाके की जल सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती पैदा कर दी है। इन तमाम चुनौतियों के मद्देनजर भारत असहाय दिखता है। गुजरे छह महीनों में वह एलएसी पर अपने इलाके खाली नहीं करा पाया। अब चीन की ताजा चुनौती का जवाब देने का भी उसके पास कोई तरीका है, इसका कोई संकेत नहीं है। जबकि चीन के अरुणाचल प्रदेश से सटे इलाके में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक विशाल बांध बनाने के फैसले ने भारतीय जनता और विशेषज्ञों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत ने इसके बारे में चीन से सिर्फ अपनी चिंता जाहिर की है। लेकिन चीन भारतीय चिंता का कितना ख्याल करता है, अब इस बारे में शायद ही कोई भ्रम में हो। गौरतलब है कि गलवान घाटी के मुद्दे पर दोनों देशों के बीच जारी तनातनी के साथ ही चीन ने पूर्वोत्तर में कई और परियोजनाएं भी शुरू की हैं। इनमें रेलवे समेत कई आधारभूत परियोजनाएं शामिल है। चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर अब तक का सबसे बड़ा बांध बनाने जा रहा है। अगले साल से इस परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा। चीन की सरकारी मीडिया ने हाल में इस परियोजना का ब्योरा दिया। इसके मुताबिक बांध बन जाने पर दक्षिण एशियाई देशों से चीन के सहयोग के रास्ते खुलेंगे। साथ ही इस परियोजना के तैयार हो जाने पर चीन की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी। चीन में पानी की उपलब्धता भी बढ़ेगी। इस बांध का निर्माण तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के मेडग इलाके में किया जाना है, जो अरुणाचल प्रदेश सीमा पर नियंत्रण रेखा से सटा है। भारतीय सीमा से लगे तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में इंसानों की आखिरी बस्ती मेडॉग को हाल में ही चीन ने हाइवे के जरिए देश के बाकी हिस्सों से जोड़ा है। प्रस्तावित बांध बांग्लादेश के लिए भी चिंता का विषय है। भारत और बांग्लादेश ब्रह्मपुत्र के पानी का इस्तेमाल करते हैं। भारत ने चीन को अपनी चिंताएं बताई जरूर हैं, लेकिन चीन ने इन चिंताओं को यह कहते हुए खारिज करते हुए कह दिया कि वह दोनों देशों के हितों का ध्यान रखेगा। जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि चीन के इस विशालकाय बांध की वजह से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और बांग्लादेश में सूखे जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

## आईएएस अजय कुमार सिंह का निधन, मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। वाराणसी में खंड स्नातक और शिक्षक चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अजय कुमार सिंह का दिल का दौरा पड़ने से शनिवार सुबह इलाज के दौरान निधन हो गया । निधन की सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक प्रकट किया है। टीम–११ की बैठकर के दौरान सीएम योगी ने अपने अधिकारियों के साथ श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उनकी उम्र करीब ५० वर्ष थी। सिंह की पत्नी नीना शर्मा भी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि सिंह चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में वाराणसी आये थे और शुक्रवार सुबह मतगणना स्थल पर जाते समय उन्हें दिल का दौरा पड़ा, उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों की निगरानी में



उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि सिंह के परिजन शुक्रवार शाम उन्हें एयर एंबुलेंस से गुड़गांव के मेदांता अस्पताल ले जाना चाहते थे लेकिन चिकित्सकों ने रात में ले जाने की इजाजत नहीं दी। उन्होंने बताया कि आज सुबह उन्हें मेदांता ले जाया जाना था लेकिन सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनका निधन हो गया । शर्मा ने बताया कि सिंह की पत्नी शुक्रवार को ही वाराणसी आ गयीं थीं। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार वाराणसी में ही किया जाएगा।

## कोरोना संक्रमण के खिलाफ लगातार सतर्कता बरतने की जरूरत : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड–१६ के दो करोड़ टेस्ट पूरे होने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस संक्रमण के खिलाफ लगातार सतर्कता बरतने की जरूरत है। लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ–साथ मास्क पहनने और समय–समय पर हैण्ड वॉशिंग के लिये प्रेरित किया जाए। योगी ने आज अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुये कहा कि कोविड–१६ से संक्रमित मरीजों के उपचार की बेहतर व्यवस्था प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मरीजों की भर्ती में कोई समस्या न पेश आए। उन्होने



कहा कि कोविड–१६ के संक्रमण से बचाव के लिये हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए। इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का संचालन पूरी सक्रियता से किया जाए। उन्होंने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को सुढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिए। ज्ञातव्य है कि अब तक प्रदेश के १४ करोड़ लोगों से सर्विलांस के माध्यम से सम्पर्क किया गया और उनकी फोकस टेस्टिंग की गई। इससे कोरोना के प्रसार पर नियंत्रण करने में मदद मिली है। बैठक में योगी और मौजूद अधिकारियों ने दिवंगत आईएएस अधिकारी अजय सिंह के प्रति दो मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की।

## अपनी खोखली उपलब्धियों का ढिंढोरा पीट रही योगी सरकार : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार कोई अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकी है, फिर भी अपनी खोखली उपलब्धियों का ढिंढोरा पीट रही है। ढिंढोरची सरकार इसे ही कहते हैं। यादव ने आज कहा कि प्रदेश में रोजगार जगह–जगह बिखरा हुआ है। रेत से तेल निकालने की कहावत पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। जब लाकडाउन के हालात थे, रोजगार बंदिशों का शिकार था, फैक्ट्रियों में छंटनी हो रही थी और लोग अपनी जान बचाने को सिर पर गठरी लादे, मासूम बच्चों और गर्भवती महिलाओं के साथ पैदल रिक्शा, ठेलिया, साइकिल या किसी भी साधन से लोग पलायन कर रहे थे तब भी आपदा में अवसर का खूब बहाना चला। अभी हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए तब भी १.६ करोड़ रोजगार के सृजन के हवाहवाई दावे किए जा रहे हैं। लोकतंत्र में निर्लज्जता की यह पराकाष्ठा है। उन्होने कहा कि



सरकार के आंकड़ों पर ही विश्वास किया जाए तो शैक्षिक संस्थाओं, मेडिकल संस्थानों और सरकारी विभागों में लाखों पद रिक्त हैं। नौकरियों में भर्ती पर विवाद थमते नहीं। परीक्षाएं शुरू होने से पहले पेपर लीक हो जाते है और परीक्षाओं के बाद आदालतों में मामले चले जाते हैं। गरीबों, किसानों के बेटे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। पढ़े लिखे नौजवानों के लिए नो वैकेंसी के सूचना पट्ट लग जाते हैं। भाजपा सरकार जनता को और खासकर नौजवानों को ठगने के लिए बड़े–बड़े विज्ञापनों पर सत्ता का धन खर्च कर अपनी नाकामयाबियां छुपाने का काम कर रही है, कौन सी फैक्ट्री या उद्योग लगाया, कहां विकास हुआ। जिससे रोजगार मिलने लगा है। सरकारी तौर पर निवेशकों के लिए सहूलियतों का पिटारा खोल दिया गया है लेकिन यह पिटारा खाली का खाली ही दिखता है। निवेशक सम्मेलनों पर खूब खर्च हुआ, अतिथि सत्कार भव्य ढंग से हुआ लेकिन जो एमओयू हुए उनको धरती पर उतरते लोगों ने नहीं देखा। उत्तर प्रदेश में फिल्मसिटी भी स्वयं मनोरंजन की वस्तु बन गई है।

## इंजीनियर रजत के सिर पर मिली चोट की जांच करेगी फोरेंसिक टीम

लखनऊ। वृंदावन कॉलोनी में इंजीनियर रजत की मौत के मामले में उसके सिर पर गंभीर चोट मिली है। फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉक्टरों के अनुसार यह चोट रजत की मौत से पहले की है। अब पुलिस इसकी जांच फोरेंसिक एक्सपर्ट से कराएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश विधि विज्ञान प्रयोगशाला के डायरेक्टर को पत्र लिखा है। जल्द ही फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर क्राइमसीन रीक्रिएशन कर इसकी पड़ताल करेगी की रजत की मौत कैसे हुई। उसके सिर पर आयी चोट गिरने की है या किसी प्रहार की। पोस्टमार्टम में रजत के सिर पर ८'६ सेंटी मीटर की चोट सिर के बीच में मिली है। यह चोट (एंटीमार्टम इंजरी) रजत की मौत के पहले की है। इसके साथ ही उसके पेट में गंदा पानी और मलबा मिला है। यह डूबने अथवा किसी के द्वारा डूबोए जाने के कारण जब व्यक्ति तड़पता है तो उसके पेट में मलबा और गंदा पानी चला जाता है। इसके अलावा पेट में खाना भी मिला है। फोरेंसिक टीम इस बात की पड़ताल करेगी कि यह चोट गिरने से आयी अथवा किसी के प्रहार करने से। हो सकता है रजत के सिर पर किसी ने प्रहार किया और फिर पानी में गहरे तालाब में डुबो कर मार दिया। अधिकारियों के निर्देश और रजत की मां अलका के आरोप पर पुलिस पूरे मामले की वैज्ञानिक और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर पड़ताल कर रही है। ध्यान रहे, १७ नवंबर को रजत दोस्तों के साथ पार्टी मनाने के लिए शाम करीब ४:३० बजे घर से निकला था। उसके बाद वह नहीं लौटा। दूसरे दिन देर रात उसका शव तालाब में मिला था।इंस्पेक्टर पीजीआइ केके मिश्रा ने बताया कि जल्द ही रजत की मां अलका और अन्य परिवारीजनों की हत्यारोपित अर्पित त्रिवेदी और तुषार विमल से आमना–सामना कराया जाएगा। रजत के परिवारीजनों के सामने हत्यारोपितों से पूछताछ की जाएगी। क्योंकि कई जगह बयानों में विरोधाभास है। इंस्पेक्टर ने बताया कि रजत की मां ने जो ऑडियो दिया है। वह घटना से करीब छह से सात माह पुराना है। उसकी भी जांच की जा रही है।

# अमेरिका में एक दिन में ढाई लाख केस

नई दिल्ली। दुनिया भर में कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा संक्रमित अमेरिका में शनिवार को रिकार्ड संख्या मेंनए मामले आए। अमेरिका में लगातार चौथे दिन दो लाख से ज्यादा संक्रमित मिले। भारतीय समय के मुताबिक शनिवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में अमेरिका में दो लाख ४५ हजार के करीब नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर एक करोड़ ४७ लाख ८१ हजार से ज्यादा हो गई। शनिवार को मरने वालों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहा। भारतीय समय के मुताबिक रात नौ बजे तक अमेरिका में २,७३१ मौतें हुईं, जिसके बाद मरने वालों की संख्या दो लाख ८५ हजार ७३८ हो गई। दुनिया में भी कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या हर दिन नया रिकार्ड बना रही है। शनिवार को दुनिया भर में साढ़े छह लाख नए संक्रमित मिले, जिसके बाद दुनिया भर में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ कर छह करोड़ ६३ लाख ६० हजार से ऊपर पहुंच गई। इस बीच दुनिया भर में कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। पूरी दुनिया में हर दिन औसतन तीन से छह हजार तक मौतें हो रही हैं। परंतु भारतीय समय के मुताबिक शनिवार को रात नौ बजे तक दुनिया भर में १२ हजार लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या १५ लाख २७ हजार से ऊपर पहुंच गई। दुनिया में दूसरे सबसे ज्यादा संक्रमित देश ब्राजील में शनिवार को लगातार तीसरे दिन संक्रमितों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई। भारतीय समय के मुताबिक शनिवार को रात नौ बजे तक ब्राजील में ५१ हजार नए संक्रमित मिले, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ६५ लाख ३४ हजार से ज्यादा हो गई। ब्राजील में शनिवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में ६८४ लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद मरने वालों की संख्या एक लाख ७५ हजार ६६१ हो गई। दुनिया में चौथे सबसे ज्यादा संक्रमित देश रूस में संक्रमितों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। शनिवार को संक्रमितों की संख्या फिर २८ हजार के आंकड़े के ऊपर पहुंच गई। शनिवार को रूस में २८,७८२ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या २४ लाख ३१ हजार से ऊपर पहुंच गई। रूस में मरने वालों की संख्या ४२,६८४ हो गई है। संक्रमितों के आंकड़े वर्ल्डमीटर्स की वेबसाइट की सूचना पर आधारित हैं।

# बेरोजगारों से ३० लाख रुपये की ठगी करने के आरोपित को साइबर क्राइम सेल नें किया गिरफ्तार

लखनऊ। सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार लोगों से करीब ३० लाख रुपये की ठगी करने के आरोपित को साइबर



क्राइम सेल और हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर हजरतगंज अंजनी कुमार पांडेय के मुताबिक, ठगी के शिकार पीड़ित ने जब आरोपित से अपने रुपये वापस मांगे तो उसने अवैध पिस्टल दिखाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित ने हजरतगंज पुलिस से संपर्क कर मामले की शिकायत की, जिसके बाद एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई की गई। दरअसल, विशाल खंड गोमती नगर निवासी गिरजा शंकर का आरोप है कि मूल रूप से लखीमपुर के सैधरी गांव निवासी प्रशांत मिश्र ने उनकी पत्नी के अलावा हंसा दत्त जोशी, अमित जायसवाल, राघवेंद्र सिंह, सुधाकर त्रिपाठी, मुकुंद मिश्र, आनंद कुमार, सुनील, ज्ञानेंद्र, अफगान, राजन, उपेंद्र व रसूल खान से सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर ३० लाख रुपये लिए थे। आरोपित ने शिक्षा विभाग, बिजली विभाग और ग्राम विकास अधिकारी समेत अन्य विभागों व पदों पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। आरोपित प्रशांत ने दलिपपुर टावर में एक निजी कंपनी खोल रखी थी, जिसकी आड़ में यह धंधा कर रहा था। गिरजा शंकर आरोपित से अपने रुपये वापस मांगने शुक्रवार को उसके दफ्तर गए थे, जहां उसने अवैध असलहे से पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी थी।पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से रुपये लेता था। इसके बाद उन्हें भरोसे में लेने के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर बेरोजगारों को वाट्सएप कर देता था। जब कोई व्यक्ति रुपये वापस करने का ज्यादा दबाव बनाता था तो उसे चेक काट कर दे देता था। बाद में चेक बाउंस होने पर लोग उसकी तलाश करते थे, जिन्हें वह टरकाता रहता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर हजरतगंज ने साइबर सेल और कोतवाली की एक टीम गठित की। इसके बाद शनिवार को प्रशांत को दबोच लिया गया। आरोपित के पास से फर्जी नियुक्ति पत्र, लोगों के शैक्षिक प्रमाण पत्र, अवैध असलहा व मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

# दर्दनाक सड़क हादसे में दो नौजवानों की दर्दनाक मौत

लखनऊ। राजधानी के गोसाईगंज के कबीरपुर में बीती रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो नौजवानों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दो नौजवानों की मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवकों को कुचल कर डंपर का चालक डंपर लेकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। एक ही गांव के दोनों नौजवानों की मौत की खबर से पूरे गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गोसाईगंज के हसनापुर खेवली के रहने वाले स्वर्गीय राम शंकर का २१ वर्षीय पुत्र राहुल यहीं के रहने वाले गंगा प्रसाद के २१ वर्षीय पुत्र अपने मित्र संतोष के साथ शनिवार की रात अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्राम कोरियानी में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। दोनों दोस्त राहुल और संतोष शादी समारोह में शिरकत करने के बाद अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहे थे तभी सुल्तानपुर रोड पर कबीरपुर के पास मिट्टी से लदे एक तेज रफ्तार डंपर ने संतोष और राहुल की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई हादसे में जान गवाने वाले दोनों युवकों की उम्र २१ साल बताई गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक पढ़ाई कर रहे थे हादसे की सूचना के बाद मौके पर पुलिस ने पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि संतोष और राहुल को रौंदकर भागने वाले डंपर को कुछ आगे

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए संसद भवन का भूमि पूजन १० दसंबर को करेंगे

नई दिल्ली। नए संसद भवन के निर्माण का काम इस महीने शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी १० दिसंबर को नए संसद भवन के निर्माण से पहले भूमि पूजन करेंगे। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी १० दिसंबर को दिन में एक बजे नए संसद भवन का भूमि पूजन करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से उनके घर पर मुलाकात की और इसके लिए न्योता दिया। इस सिलसिले में ओम बिड़ला ने पिछले सप्ताह अधिकारियों के साथ नई इमारत की जगह का जायजा भी लिया था। ओम बिड़ला ने कहा– २०२२ में देश की आजादी के ७५ साल पूरे होने पर हम नए संसद भवन में दोनों सदनों के सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि नए भवन में लोकसभा सांसदों के लिए लगभग ८८८ और राज्यसभा सांसदों के लिए ३२६ से ज्यादा सीटें होंगी। संसद भवन में कुल १,२२४ सदस्य एक साथ बैठ सकेंगे। कोरोना वायरस की महामारी और भारी आर्थिक संकट के बीच नया संसद भवन बनाने पर विपक्ष ने सरकार की आलोचना की थी। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा था पर सर्वोच्च अदालत ने इसके निर्माण पर रोक



लगाने से इनकार कर दिया था। दूसरी ओर सरकार ने नया संसद भवन बनाने के अपने फैसले को सही ठहराया था। अधिकारियों ने सितंबर में बताया था कि नए भवन को त्रिकोण के आकार में डिजाइन किया गया है। इसे मौजूदा परिसर के पास ही बनाया जाएगा। इस पर ८६१.६० करोड़ रुपए की लागत आएगी। इमारत का काम एक साल में पूरा होने की उम्मीद है। इसे बनाने का जिम्मा टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को मिला है।

# नशेडी ट्रक चालक ने बाइक सहित टैक्सी मे मारी टक्कर पाँच लोग घायल

लखनऊ। मोहनलालगंज में नशेडी ट्रक चालक ने दो बाइक सवारो को टक्कर मारने के बाद धर्मावत खेड़ा गाँव के पास सवारियो से भरी टैम्पो टैक्सी में टक्कर मार दी ,टक्कर के बाद टैक्सी के पलटने से टैक्सी में सवार पांच सवारिया घायल हो गई, टक्कर के बाद भाग रहें ट्रक का पीछा कर लोगों ने पकड़ लिया और ट्रक चालक की पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक धर्मावत खेड़ा गाँव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मोहनलालगंज से सवारिया भरकर गोशाईगंज जा रहीं टैम्पो टैक्सी को टक्कर मार दी जिससे टैक्सी पलट गयीं और टैक्सी में सवार भगवान देवी, इरफान, शाहजहाँ, नूरबानो व आलिया घायल हो गए जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। टक्कर के बाद भाग रहें ट्रक को पीछा कर लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई कर पुलिस को सौप दिया।

# देश के टॉप १० थानों की सूची में राजधानी लखनऊ का कोइ भी थाना नही

लखनऊ, देश के टॉप १० थानों की सूची में राजधानी लखनऊ के कोई भी थाना अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा सका। अत्याधुनिक संसाधनों से लैस राजधानी पुलिस अभी तक सिर्फ एक बार ही खिताब ले सकी है। वर्ष २०१७ में गुडंबा थाने को देश में तीसरा सबसे अच्छा थाना घोषित किया गया था। हालांकि लखनऊ पुलिस को न तो उससे पहले और न ही उसके बाद यह पुरस्कार नसीब हुआ। इसका कारण थानों में गंदगी और अनियोजित व्यवस्था है। राजधानी का दिल कहे जाने वाले हजरतगंज कोतवाली का हाल भी खस्ता है। कोतवाली पहुँचने के लिए ही आपको कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।बाल्मीकि मार्ग पर सड़क वाहनों से पटी रहती है। कार की मरम्मत करने वाले दुकानदार सड़क पर कब्जा जमाए रहते हैं। कोतवाली के गेट पर ही आपको कूड़ा दान रखा मिल जाएगा, जो स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रहा है। परिसर के भीतर घुसते ही आपको बेतरतीब खड़ी गाड़ियां नजर आएंगी। पुलिस ने जिन वाहनों को सीज कर रखा है, उनपर धूल की परत जमी है। खास बात यह है कि वर्ष २०१६ में तत्कालीन एसएसपी कलानिधि नैथानी ने जब्त वाहनों को रखने के लिए कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन में पार्किंग की व्यवस्था बनाई थी। हालांकि निजाम के बदलते ही वह व्यवस्था पटरी से उतर गई। कोतवाली के भीतर शौचालय की स्थिति भी बदतर है। कोरोना ने रोकी अपराध की रफ्तार इस साल पूर्व की अपेक्षा बहुत कम मुकदमे दर्ज हुए हैं।इसका कारण लकडाउन और कोरोना है। वर्ष २०२० में अब तक कुल ३५५ मुकदमे दर्ज हुए हैं। वहीं वर्ष २०१७ में १०६२, २०१८ में ७८१ और २०१६ में ६३५ मुकदमे दर्ज हुए थे। इस साल हजरतगंज कोतवाली में करीब तीन सौ विवेचनाएं लंबित हैं। इसके पीछे भी लकडाउन को कारण बताया जा रहा है।

# बेसिक शिक्षा विभाग में ६९ हजार शिक्षकों की चयन प्रक्रिया पूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग में ६६ हजार शिक्षकों की चयन प्रक्रिया पूरी होने को ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया है। आदित्यनाथ ने शनिवार को दूसरे चरण में ३६,५६० चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण की प्रकिया की शुरुआत की। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पांच नवनियुक्त शिक्षकों को योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ जबकि जिलों में आयोजित कार्यक्रम में सरकार के मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नियुक्ति पत्र वितरित किए। इससे पहले प्रदेश सरकार ने १६ अक्टूबर को ३१,२२७ सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए थे। इस दौरान उन्होंने वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से अलग–अलग जिलों में नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद किया और उन्हें नियुक्ति पत्र प्राप्त करने पर बधाई दी।

## किसान-नौजवान सब परेशान और हवाई पुल बांधने में भाजपा का जवाब नहीं : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हवाई पुल बांधने में भाजपा का कोई जवाब नहीं है। किसान, नौजवान सब परेशान हैं। सरकार के चार वर्ष होने को हैं, लेकिन अभी तक जनता को कोई अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हो सका है।अखिलेश ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि खुद सरकार के आंकड़ों पर ही विश्वास किया जाए तो शैक्षिक संस्थाओं, मेडिकल संस्थानों और सरकारी विभागों में लाखों पद रिक्त हैं। नौकरियों में भर्ती पर विवाद थम नहीं रहे हैं। परीक्षाएं शुरू होने से पहले पेपर लीक हो जाते हैं और परीक्षाओं के बाद अदालतों में मामले चले जाते हैं।



गरीबों व किसानों के बेटे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को और खासकर नौजवानों को ठगने के लिए बड़े–बड़े विज्ञापनों पर सत्ता का धन खर्च कर अपनी नाकामयाबी छुपाने का काम कर रही है। अखिलेश ने कहा कि सरकारी तौर पर निवेशकों के लिए सहूलियतों का पिटारा खोल दिया गया है, लेकिन यह पिटारा खाली ही दिखता है। निवेशक सम्मेलनों पर खूब खर्च हुआ। अतिथि सत्कार भव्य ढंग से हुआ, लेकिन जो एमओयू हुए, उनको धरती पर उतरते लोगों ने नहीं देखा। उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी भी स्वयं मनोरंजन की वस्तु बन गई है।

## गहलोत का भाजपा पर बड़ा आरोप

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी और खास कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की कांग्रेस सरकार गिराने का खेल फिर शुरू



कर रही है। उनके इस बयान से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की नजर महाराष्ट्र सरकार गिराने पर भी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सिरोही में कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित किया। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि वे पहले भी बागी विधायकों से मिले थे। गहलोत ने कहा– तब शाह ने विधायकों से कहा था कि यह मेरा प्रेस्टीज प्वाइंट है। मैंने पांच सरकारें गिरा दी हैं, छठी भी गिरा कर रहूंगा। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि कोरोना काल में भी राजस्थान की सरकार गिराने के प्रयास हुए। उन्होंने कहा– हमारे विधायक जब अमित शाह से मिलने गए थे, तब वहां इस बैठक में पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राज्यसभा सांसद सैयद जाफर इस्लाम भी थे। करीब एक घंटे यह मुलाकात चली। फिर विधायकों ने आकर मुझे बताया कि हमें शर्म आ रही थी कि कहां तो सरदार पटेल जैसे गृह मंत्री थे और कहां उनकी कुर्सी पर अब अमित शाह जैसे लोग बैठे हैं। गहलोत के मुताबिक विधायकों ने उन्हें यह भी बताया था कि मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उस दौरान सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों से बातचीत का दिखावा भी कर रहे थे और उन विधायकों का हौसला भी बढ़ा रहे थे। कुल मिला कर वहां माहौल ऐसा बनाया जा रहा था कि हमें चार राज्यों की सरकार गिराने का अनुभव है और पांचवी भी गिरा कर रहेंगे। गहलोत ने कहा– उस समय अजय माकन, रणदीप सुरजेवाला, वेणुगोपाल और अविनाश पांडे यहां आकर बैठ गए। उस समय इन्होंने जो फैसले लिए, हमारे नेताओं को बरखास्त किया, तब जाकर हमारी सरकार बच सकी।

# किसान और सरकार दोनों अड़े

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के बनाए तीन कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसानों के साथ केंद्र सरकार की वार्ता एक बार फिर विफल हो गई है। सरकार और किसान दोनों अपनी–अपनी बातों पर अड़ गए हैं। किसानों का कहना है कि तीनों कानूनों में खामी है और इसे रद्द करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। दूसरी ओर सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर गारंटी देने को तैयार है पर कानूनों को रद्द करने के बारे में कोई विचार करने को राजी नहीं है। गौरतलब है कि कई राज्यों के किसान पिछले १० दिन से दिल्ली की सीमा पर प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को प्रदर्शन के १०वें दिन किसानों की सरकार से पांचवें दौर की बातचीत हुई, जिसमें कोई नतीजा नहीं निकला। अब एक बार फिर नौ दिसंबर को अगले दौर की वार्ता होगी। शनिवार की बातचीत में केंद्र सरकार की ओर से शामिल तीन केंद्रीय मंत्रियों के आगे एक समय ऐसा भी आया, जब किसानों ने मौन व्रत धारण कर लिया और कहा कि सरकार सिर्फ हां या ना में इस बात का जवाब दे कि वह कानूनों को रद्द करेगी या नहीं। बहरहाल, शनिवार की बैठक से पहले उम्मीद जताई जा रही थी कि इसमें कोई हल निकलेगा। पर ऐसा नहीं हुआ। फिर सरकार की ओर से नौ दिसंबर को वार्ता का प्रस्ताव रखा गया, जिसे किसान संगठनों ने स्वीकार कर लिया। अब नौ दिसंबर को सुबह ११ बजे छठे दौर की वार्ता होगी। से शुरू होगी। इससे पहले दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार की मीटिंग में ४० किसान पहुंचे



थे। पिछली बैठक की तरह ही इस बार भी किसानों ने लंच ब्रेक में सरकार की ओर से दिया गया खाना नहीं खाया। किसान पानी भी अपना लेकर गए थे। सरकार से चर्चा के दौरान किसान इस बात से नाराज थे कि सिर्फ बातें हो रही हैं और सरकार की ओर से कोई ठोस प्रस्ताव नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने भड़क कर कह दिया कि सरकार मांगे पूरी करे, नहीं तो मीटिंग छोड़ कर चले जाएंगे। वार्ता के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि आप वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों से घरों को लौटने के लिए कहिए। पर किसान कृषि मंत्री की इस अपील पर राजी नहीं हुए। किसान संगठनों ने आठ दिसंबर को भारत बंद का ऐलान किया है। किसानों ने तीनों कानूनों का विरोध करते हुए कहा है कि वे कॉरपोरेट फार्मिंग नहीं चाहते। उन्होंने कहा– इस कानून से सरकार को फायदा होगा, किसानों को नहीं। हम पिछले कई दिनों से सड़कों पर हैं। हमारे पास एक साल की व्यवस्था है। अगर सरकार यहीं चाहती है तो हमें कोई दिक्कत नहीं। किसानों ने कहा– हम हिंसा का रास्ता भी नहीं अपनाएंगे। इंटेलीजेंस ब्यूरो आपको बता देगी कि हम धरनास्थल पर क्या कर रहे हैं। साथ ही कहा कि अब और बातचीत नहीं चाहते, सरकार समाधान निकाले।

# दिल्ली में मौतों में १३५ फीसदी बढ़ोतरी

नई दिल्ली। देश भर में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या में कमी आ रही है और एक्टिव केसेज भी लगातार सात दिन से कम हो रहे हैं। पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण से मरने वालों का सिलसिला नहीं थम रहा है। दिल्ली में पिछले एक महीने से हर दिन ५० से ज्यादा लोगों की मौत हो रही है। अक्टूबर के कुल संख्या बढ़ कर पांच लाख ८६ हजार ५४४ हो गई। ७७ लोगों की मौत से मरने वालों की कुल संख्या ६,५७४ हो गई। राज्य में एक्टिव केसेज की संख्या २६,६७८ है। दिल्ली में टेस्टिंग की संख्या भी बढ़ाई गई है। राज्य में ८५ हजार सैंपल की जांच हुई है। इस बीच देश भर में कुल टेस्ट की संख्या १४ करोड़ ५८ लाख ८५ आए, जिसके बाद जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़ कर ६६ लाख ४२ हजार से ऊपर पहुंच गई। राजस्थान में शनिवार २,०७६ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़ कर दो लाख ७८ हजार ४६६ हो गई। राज्य में २० लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों का आंकड़ा २,४०६ पहुंच गया। गुजरात में






मुकाबले नवंबर में कोरोना से होने वाली मौतों में १३५ फीसदी का इजाफा हुआ। अक्टूबर में दिल्ली में १,११० लोगों की मौत हुई थी, जबकि नवंबर में २,६१२ लोगों की मौत हुई। यह सिलसिला अब भी जारी है। शनिवार को भी राष्ट्रीय राजधानी में ७७ लोगों की मौत हुई। वैसे दिल्ली में संक्रमितों की संख्या में कमी का सिलसिला शनिवार को जारी रहा। शनिवार को दिल्ली में ३,४१६ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की हजार से ज्यादा हो गई है। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश दो करोड़ से ज्यादा टेस्टिंग वाला पहला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश में अब तक कुल दो करोड़ १० लाख से ज्यादा टेस्टिंग हो चुकी है। शनिवार को उत्तर प्रदेश में १,६४० नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या पांच लाख ५२ हजार ६७५ पहुंच गई। राज्य में २३ लोगों की मौत हुई। शनिवार को देर रात तक पूरे देश में ३४ हजार के करीब नए मामले शनिवार को १,५१४ नए संक्रमित मिले, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या दो लाख १७ हजार ३३३ हो गई। ये आंकड़े कोविड१९ इंडिया डॉट ओआरजी के आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार की देर शाम तक कुल संक्रमितों की संख्या ६६ लाख आठ हजार २११ थी, जिसमें से एक लाख ३६ हजार सात सौ लोगों की मौत हो चुकी है।

# ट्रूडो का फिर किसानों को समर्थन

नई दिल्ली। कनाडा के राजनयिक को बुला कर भारत की ओर से औपचारिक और सख्त विरोध दर्ज कराने के एक दिन बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर किसान आंदोलन को लेकर बयान दिया। ट्रूडो ने दिल्ली में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानों के प्रति फिर से अपना समर्थन जताया है और कहा है कि यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने कहा है कि वे हमेशा शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक आंदोलन के समर्थन में खड़े रहेंगे। इससे पहले ट्रूडो ने गुरु नानक देव की जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम में भारत के किसान आंदोलन का मुद्दा उठाया था और चिंता जताते हुए इसके जल्दी समाधान की अपील की थी। भारत ने इस पर सख्त नाराजगी जताई है। शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया था और किसानों के विरोध प्रदर्शन पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और अन्य नेताओं की टिप्पणी पर नाराजगी जताई थी। विदेश मंत्रालय ने उच्चायुक्त से कहा था कि किसानों के मुद्दों पर कनाडा के नेताओं की टिप्पणी हमारे आंतरिक मामलों में बरदाश्त नहीं करने लायक हस्तक्षेप है। इसके अगले ही दिन ट्रूडो ने फिर इस मसले पर बयान दिया। ओटावा में पत्रकारों ने किसानों पर दिए उनके बयान से भारत–कनाडा के संबंधों पर हो रहे असर को लेकर उनसे सवाल पूछा था। इस पर उन्होंने कहा– दुनिया भर में कहीं भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हो कनाडा हमेशा उनके अधिकार के लिए उनके साथ खड़ा रहेगा। और हम मामले के निराकरण की दिशा में बढ़ाए गए कदम और संवाद के प्रति आशान्वित रहेंगे।

# सीएम योगी ने अधिकारियों को किया सतर्क, किसान संगठनों से वार्ता करने के निर्देश


लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के आंदोलन के चलते अधिकारियों को सचेत किया है और पूरी सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। साथ ही, उन्होंने किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से वार्ता करने की जिम्मेदारी भी अधिकारियों को सौंपी है। शनिवार को जारी सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक पांच कालिदास मार्ग पर स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्च्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से प्रदेश के सभी जिलों में संवाद किया जाए और उनसे आगामी ८ दिसम्बर, २०२० को प्रस्तावित बंद के सम्बंध में भी वार्ता की जाए। योगी ने कहा कि "राज्य सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है और प्रदेश के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिया जा रहा है, साथ ही, उन्हें बीज, खाद व सिंचाई की



उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि ६ से ८ दिसम्बर तक विभिन्न संगठनों द्वारा प्रदेश में आन्दोलनध्बन्द प्रस्तावित हैं, इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए सभी मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकध्पुलिस अधीक्षक पूरी सतर्कता बरतें। ये तीन दिन विशेष सतर्कता बरती जाए और निरन्तर गश्त की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि धान क्रय केन्दों में किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए और उनका भुगतान ७२ घण्टे के अन्दर सुनिश्चित किया जाए। देर होने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गन्ना किसानों से गन्ने की खरीद समय से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए गोबर से सीएनजी बनाने की दिशा में कार्य किया जाए और जिन गोआश्रय स्थलों में एक हजार गोवंश हैं, वहां सीएनजी पैदा करने के लिए इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन से बात की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे योगी ने कहा कि उद्योगों के विकास को ध्यान में रखकर कुशल जनशक्ति तैयार की जाए। उन्होंने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह के सम्बन्ध में बैठक करने का निर्देश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश एक बड़ा राज्य है, इसलिए यहां एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का जीएसटी संग्रह हो सकता है। बैठक में शासन के सभी शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

# किसानों के मुद्दे पर कंगना पर भड़के मीका सिंह, कहा शर्म करो

मुंबई। गायक मीका सिंह अभिनेत्री कंगना रनौत से खासे नाराज हैं। दरअसल कंगना ने किसानों के





विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई एक सिख बुजुर्ग महिला को शाहीन बाग वाली बिलकिस बानो समझ लिया, जिसके बाद मीका ने अभिनेत्री को निशाने पर लिया है। मीका ने ट्वीट किया, मैं कंगना का बहुत सम्मान करता था, यहां तक कि जब उनके कार्यालय को तोड़ा गया था तो मैंने उनके समर्थन में ट्वीट भी किया था। अब मुझे लगता है कि मैं गलत था। कंगना, एक महिला होने के नाते आपको बुजुर्ग महिला के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए था। अगर आपमें शिष्टाचार है तो फिर माफी मांगिए। अपको शर्म आनी चाहिए। कल शाम को मीका का ट्वीट कंगना के एक ट्वीट के जवाब में आया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 'शाहीन बाग वाली दादी' राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न सीमा बिंदुओं पर नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों के आंदोलन में शामिल हुईं। उन्होंने बिलकिस बानो सहित दो बुजुर्ग महिलाओं की तस्वीरों वाले पोस्ट को रीट्वीट किया था, और लिखा था कि टाइम मैगजीन में छपी यह दादी १०० रुपये लेकर प्रदर्शन में शामिल होने के लिए उपलब्ध है। इससे पहले, कंगना की गायक व अभिनेता दिलजीत दोसांझ के साथ भी इस मुद्दे पर ट्विटर पर तीखी बहस हुई थी।

# वरुण धवन, नीतू कपूर, निर्देशक राज मेहता कोरोना संक्रमित

मुंबई। अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री नीतू कपूर और निर्देशक राज मेहता कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। तीनों 'जुग जुग जियो' फिल्म यूनिट का हिस्सा हैं। ये लोग कुछ दिन पहले चंडीगढ़ में एक आउटडोर शूटिंग के लिए पहुंचे थे। फिल्मफेयर डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार, शूट को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। कास्ट और क्रू नवंबर के दूसरे हफ्ते में चंडीगढ़ पहुंचे थे। फिल्म के अन्य दो मुख्य कलाकार अनिल कपूर और कियारा आडवाणी कोरोना निगेटिव पाए गए हैं। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर वायरल भयानी ने अपने सत्यापित इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार यूनिट के अन्य किसी भी सदस्य में कोरोना वायरस की पुष्टि नहीं हुई है। नवंबर में शूटिंग शुरू होने से पहले सभी कलाकारों और क्रू मेंबर्स का कोरोना परीक्षण किया गया था। फिल्म में मनीष पॉल और यूट्यूब सनसनी प्राजक्ता कोली भी हैं, जो इस भूमिका के साथ बालीवुड में अपनी शुरूआत कर रही हैं।



# पदोन्नति में आरक्षण का बिल लटकाकर किया जा रहा है अपमानित

लखनऊ। डा. भीमराव अम्बेडकर के ६५वें परिनिर्वाण दिवस पर पूरे प्रदेश में आठ लाख आरक्षण समर्थकों ने सभी जनपदों में बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रान्तीय संयोजक मंडल द्वारा फील्ड हास्टल में बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए आरक्षण को बचाने का संकल्प लिया गया। सभी जनपदों में आरक्षण समर्थकों द्वारा इस अवसर पर आरक्षण पर हो रहे लगातार कुठाराघात को रोकने का संकल्प लिया और कहा जब तक बाबा साहब द्वारा बनायी गयी संवैधानिक व्यवस्था के तहत आठ वर्षों से लम्बित पदोन्नति में आरक्षण का बिल पारित नहीं हो जाता तब तक आरक्षण समर्थक चुप नहीं बैठेंगे। पूरे देश में केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा पदोन्नति में आरक्षण का बिल लम्बित रखकर करोड़ों दलित कार्मिकों को अपमानित कराया जा रहा है। वर्तमान में जहां इस अवसर पर आरक्षण समर्थकों ने अपने भाग्यविधाता को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए, वहीं दूसरी ओर उ.प्र. में विगत वर्षों में रिवर्ट किये गये लगभग दो लाख दलित कार्मिकों के मन में काफी गुस्सा भी व्याप्त है। क्योंकि बाबा साहब के नाम पर आंसू बहाने वाले लोग उनके द्वारा दी गयी संवैधानिक व्यवस्था आरक्षण पर लगातार हो रहे कुठाराघात पर भी चुप हैं। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति,उ.प्र. के संयोजकों अवधेश कुमार वर्मा, के.बी. राम, श्यामलाल, आर. पी. केन, अनिल कुमार, एसपी सिंह, अन्जनी कुमार, अजय कुमार, राकेश पुष्कर, महेन्द्र सिंह, हरिश्चन्द्र वर्मा, बनी सिंह, प्रेम चन्द्र, अशोक सोनकर, जितेन्द्र कुमार, श्रीनिवास, प्रवेश कुमार, आदर्श कौशल, पी.एन. प्रसाद, योगेन्द्र कुमार व सुनील कनौजिया ने कहा आज पूरे प्रदेश में जहां आरक्षण समर्थकों ने अपने मसीहा को याद करते हुए उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। वहीं दूसरी ओर आरक्षण समर्थकों ने लगातार चलाये जा रहे अपने वर्चुअल मीटिंगों की भी समीक्षा की और यह तय किया कि हर रविवार को सभी जिला संयोजकों से संवाद कर आरक्षण पर आर–पार की लड़ाई लड़ने के लिये तैयार रहने को कहा जायेगा। पूरी तैयारी के साथ आगे आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के निर्देशन में आन्दोलन को व्यापक रूप दिया जायेगा। कोरोना काल समाप्त होते ही आरक्षण पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। फिलहाल वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से आन्दोलन की तैयारी जारी रहेगी।



# शिक्षक के बाद स्नातक खंड के चुनाव में भी भाजपा का बोलबाला

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल में उच्च सदन माने वाले विधान परिषद में भी अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भाजपा ने ११ में से छह सीट पर जीत दर्ज की है। एक दिसंबर को मतदान के बाद तीन से चल रही मतगणना रविवार को सम्पन्न हो गई। भाजपा ने शिक्षक खंड की छह में से तीन सीट के बाद स्नातक खंड की पांच में से तीन सीट पर जीत दर्ज की।भारतीय जनता पार्टी ने कुल छह सीट पर जीत दर्ज की है। समाजवादी पार्टी ने तीन सीट अपने नाम की है जबकि दो सीट पर निर्दलीय विजयी रहे हैं। भाजपा के पास २०१५ में ११ में से सिर्फ दो सीटें ही थीं। सपा ने तीन सीटें जीती हैं। उसके पास भी पिछले चुनाव में दो सीटें थीं। इस चुनाव में नुकसान तो शिक्षक नेताओं के खेमे से हुआ है। वह छह से सिमटकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में महज दो पर आ गए हैं, जबकि पिछली बार निर्दलीय खाते में एक सीट गई थी। स्नातक खंड की पांच में से चार सीट पर तो शनिवार को ही परिणाम आ गया था, लखनऊ सीट पर मतगणना काफी लम्बी खिंचने के कारण रविवार को इसका नतीजा आया।लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र सीट पर भारतीय जनता पार्टी के इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी निवर्तमान एमएलसी कांति सिंह को शिकस्त दी। लखनऊ में मतगणना सबसे धीमी चली। लखनऊ में भाजपा के इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह पटेल ने काफी संघर्ष वाले चुनाव में विधान परिषद सदस्य निर्दलीय कांति सिंह को शिकस्त दी। उन्होंने अंतिम दौर की मतगणना में प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी कांति सिंह को ६४०३ वोट से शिकस्त दी है। शनिवार रात से शुरू हुई मतगणना दोपहर बाद तक जारी रही।अवनीश को ३६५८८ वोट मिले जबकि कांति सिंह को ३३१८५ वोट मिले। जीत तय होने के बाद अवनीश कुमार सिंह ने युवाओं की उन्नति और उनके विकास के लिए जो भी सरकार की योजनाएं हैं उन को लागू करने का संकल्प लिया है। उनका कहना है कि युवाओं के साथ ही प्रदेश सरकार के हर काम को आगे बढ़ाना उनका मकसद है।इससे पहले शनिवार को आगरा खंड स्ना तक सीट पर भाजपा प्रत्याशी डा.मानवेंद्र प्रताप सिंह विजयी रहे। मानवेंद्र प्रताप सिंहको ४०,०७० वोट प्राप्त हुए, जबकि सपा प्रत्याशी डा. असीम यादव को ३३,६७५ वोट मिले। मानवेंद्र ने सपा प्रत्याशी को ६०६५ मतों से हराया। वाराणसी खंड स्नातक सीट पर सपा के आशुतोष सिन्हा ३८५० वोटों से विजयी हुए। उन्हें २६,५३५ वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी केदारनाथ सिंह को २२,६८५ मत मिले। केदारनाथ सिंह भाजपा के निवर्तमान एमएलसी थे।मेरठ खंड स्नातक सीट की मतगणना में भाजपा ने जीत हासिल की। यहां प्रथम वरीयता की गिनती में ही भाजपा प्रत्याशी दिनेश कुमार गोयल ने शिक्षक नेता व निर्दलीय प्रत्याशी हेम सिंह पुंडीर से २७,०८० मतों की बढ़त बना ली थी। भाजपा प्रत्याशी को कुल ४३,१६१ मत मिले हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को १६,०१६ मत ही मिले। यहां कुल १२३६७७ मत पड़े थे, जिनमें से कुल ११२६७५ मत ही वैध पाए गए थे।विधान परिषद की शिक्षक व स्नातक कोटे की ११ सीटों की मतगणना सात स्थानों पर गुरुवार तीन दिसंबर को सुबह आठ बजे से लगातार चली और रविवार को दोपहर तक चलती रही। खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की छह सीटों के परिणाम शुक्रवार को ही घोषित हो गए थे। खंड स्नातक सीटों में पहला परिणाम इलाहाबाद–झांसी का भी शुक्रवार को घोषित हो गया था। इस सीट पर सपा के डा.मान ङ्क्षसह यादव ने भाजपा के निवर्तमान एमएलसी यज्ञदत्त शर्मा को हराया। खंड शिक्षक की छह सीटों में भाजपा तीन सीटें जीत चुकी है, जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी व एक निर्दलीय के खाते में आई।

## आवागमन अवरोध करने पर आक्रोशित हुए स्थानीय निवासी

लखनऊ। शारदा नगर योजना के रश्मि खंड कॉलोनी में स्थानीय दबंग निवासियों द्वारा मुख्य संपर्क मार्गों पर गेट लगाकर आवागमन बंद कर देने से स्थानीय निवासियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। रविवार को स्थानीय निवासियों ने रश्मि खंड कल्याण समिति के बैनर तले रविवार को एकत्र हुए स्थानीय निवासियों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समिति अध्यक्ष एस पी सिंह ने बताया कि स्थानीय निवासी दबंगो में सुरेन्द्र बहादुर सिंह ,मुन्नी लाल वर्मा, हीरालाल मौर्या व नरेंद्र सिंह चौहान समेत कई लोगो ने मिलकर कॉलोनी के समीप पार्क संख्या तीन व चार लगभग छः गेटों को लगाकर मार्ग को अवरोध कर रखा है जिससे इस कॉलोनी में रह रहे लगभग छः सौ आवागमन के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है एवं पूरे कलोनी का परिक्रमा



कर अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। कॉलोनी में लगे यह गेट पूर्णतः रूप से अवैध है,गेट चौबीस घंटे बंद होने के कारण स्थानीय निवासियों के बुजुर्ग बच्चे पार्क में भी नही जा सकते है। इन अवैध गेटों को हटवाने के लिए समिति द्वारा शिकायत एलडीए सचिव, नगर सचिव,नगर निगम आयुक्त व नगर निगम जोन आठ समेत पुलिस आयुक्त से किया गया है।

## अब लोहिया कोविड अस्पताल में कोरोनावायरस मरीजों को ऑक्सीजन के संकट से जूझना नहीं होगा

लखनऊ। कोरोनावायरस मरीजों को ऑक्सीजन के संकट से जूझना नहीं होगा। इसके लिए शहर के लेवल–टू, लेवल–थ्री कोविड अस्पतालों में सिस्टम को अपग्रेड किया जा रहा है। केजीएमयू के बाद अब लोहिया संस्थान के कोविड अस्पताल में भी लिक्विड अक्सीजन टैंक लग गया है। वहीं, पीजीआइ कोविड अस्पताल में अक्सीजन टैंक लगाने का काम चल रहा है।लोहिया संस्थान का शहीद पथ पर कोविड अस्पताल है। इसमें २०० बेड की क्षमता है। अभी१३३ बेड पर कोरोना मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। जल्द ही सभी बेड पर मरीज भर्ती करने की योजना है। इसके लिए अक्सीजन पाइप लाइन बिछ गई है। २० हजार लीटर का लिक्विड्ध अक्सीजन टैंक लग गया है। ऐसे में एचडीयू–आइसीयू के ६० बेड से बढ़कर १५० बेड हो जाएंगे। गंभीर मरीजों को राहत मिलेगी। संस्थान के प्रवक्ता ड. श्रीकेश सिंह के मुताबिक, १४ से १६ दिसंबर के बीच ऑक्सीजन टैंक का उद् घाटन प्रस्तावित है। अभी रोजाना १५० ऑक्सीजन सिलेंडर की खपत हो रही है। साथ ही २०० अक्सीजन सिलेंडर का बैकअप रखा जा रहा है। ऐसे में सिलेंडर भराने का झंझट खत्म होगा।केजीएमयू के लिंब सेंटर में बने कोविड अस्पताल में भी अक्सीजन व्यवस्था दुरुस्त हो गई है। यहां २० हजार लीटर का लिक्विड्ध अक्सीजन टैंक लग गया है। ऐसे में ३२० बेड वाले कोविड अस्पताल में मरीजों को अक्सीजन की दिक्कत नहीं है। वहीं, पीजीआइ कोविड में भी २० हजार लीटर का लिक्विड्ध अक्सीजन टैंक लगाया जा रहा है।शहर में पहले दो अक्सीजन प्लांट थे। इनमें १६००–१६०० जंबो अक्सीजन सिलेंडर भरने की क्षमता थी। वहीं अब तीन और अक्सीजन प्लांट लग गए हैं। इनमें तीन हजार और जंबो सिलेंडर भरने की क्षमता हो गई है। ऐसे में अब अस्पतालों को अक्सीजन की किल्लत नहीं होगी। उन्हें समय पर अक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी। शहर में सात सौ के करीब रजिस्टर्ड निजी अस्पताल हैं। वहीं सरकारी कोविड अस्पतालों में आइसीयू के बेड बढ़ने से ऑक्सीजन की खपत अधिक हो गई है।

## विरोधी आसानी से नहीं पचा पा रहे डॉ. आंबेडकर स्मृति में किए गए कार्य : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृति में बसपा शासनकाल में कराए



गए कार्यों को विरोधी आसानी से पचा नहीं पा रहे हैं। रविवार को डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मायावती ने बाबा साहेब के अधूरे कार्यो को पूरा करने का संकल्प भी दोहराया। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट और लिखित बयान जारी करके अपने शासनकाल में डॉ. आंबेडकर के नाम पर कराए विभिन्न निर्माण कार्योंऔर और उनकी स्मृति में लागू की योजनाओं को विस्तार से बताया। लखनऊ, नोएडा, दिल्ली व अन्य स्थानों पर कराए गए निर्माण कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के मानवतावादी आंदोलन की एकमात्र प्रतिनिधि पार्टी बहुजन समाज पार्टी ही है। देश भर में फैले छोटे–बड़े कार्यकर्ताओं ने कोरोना महामारी काल में बचाव उपाय का पालन करते हुए अपने मसीहा को अपने–अपने ढंग से नमन किया। इस अवसर पर उनके अधूरे कारवां को आगे बढ़ाने और सत्ता की चाबी अपने पास रखने का संकल्प व्यक्त किया। मायावती ने कहा कि बाबा साहेब और उनके अनुयायियों का त्याग व संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा। उनके सपनों का मानवतावादी भारत बनाने का कार्य करने वाले ही इस देश में शासक वर्ग बनेंगे आमतौर से विपक्ष पर हमलावर रहने वाली बसपा सुप्रीमो के तेवर कुछ नरम थे। अपने लिखित बयान में उन्होंने बाबा साहेब की नीतियों व संघर्ष के बारे में बताया। खुद को बाबा साहेब का सच्चा अनुयायी सिद्ध करने के लिए अपने चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल की उपलब्धियों और कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए समर्थकों से एकजुटता का आह्वान किया।

## समाजवादी पार्टी का भी किसानों के आठ दिसंबर को भारत बंद को समर्थन

लखनऊ। कांग्रेस तथा देश के अन्य राजनीतिक दलों के साथ अब समाजवादी पार्टी ने भी आठ दिसंबर को किसानों के भारत बंद को अपना समर्थन दिया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को इसको लेकर एक ट्वीट भी किया है।केंद्र सरकार के कृषि कानून में सुधार के विरोध में पंजाब तथा हरियाणा के किसानों को अब देश के लगभग सभी राज्यों से समर्थन मिल रहा है। केंद्र सरकार के पांच बार की वार्ता के बाद भी कोई बात न बनने पर किसानों ने आठ दिसंबर को भारत बंद करने का फैसला किया है। किसानों के इस निर्णय का भाजपा तथा सहयोगी दलों को छोड़कर देश के अन्य दल समर्थन कर रहे हैं। इनको अब समाजवादी पार्टी का भी समर्थन मिल गया है। रविवार का समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलश यादव ने ट्वीट किया कि किसानों के भारत बंद को सपा का पूर्ण समर्थन। समाजवादी पार्टी से पहले आम आदमी पार्टी, टीएसआर, डीएमके, सीपीआइ, सीपीआइ(एम), वीसीके, एमडीएमके ने भी बंद का समर्थन किया है।

# लखनऊ के सिविल अस्पताल का टेक्नीशियन परिवार समेत संक्रमित

लखनऊ। राजधानी में कोरोना वायरस के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। रविवार को सिविल अस्पताल के टेक्नीशियन में वायरस की पुष्टि हुई है। अभी पिछले हफ्ते कोरोना जैसे लक्षणों से ही एक टेक्नीशियन की मौत हो चुकी है। डॉक्टरों ने साइलेंट कोरोना से उसकी मौत होने की आशंका जाहिर की थी।इसी बीच एक अन्य टेक्नीशियन के संक्रमित होने से अस्पताल के स्टाफ में अफरा—तफरी का माहौल है। संक्रमण की पुष्टि होने के बाद टेक्नीशियन को होम आइसोलेट कर दिया गया है। उसके संपर्क में आए अन्य स्टाफ को भी आइसोलेट कर दिया गया है। उन सभी के नमूने भी लेकर जांच को केजीएमयू भेजे जा रहे हैं। एहतियात के तौर पर अस्पताल प्रबंधन ने टेक्नीशियन के रूम को सैनिटाइज करवा दिया है। परिवार के लोगों के नमूने की भी जांच की गई। जिसमें टेक्नीशियन की पत्नी बेटी व घर के कुछ अन्य सदस्य की रिपोर्ट भी पजिटिव आई है। इसके बाद उसके पूरे परिवार को होम आइसोलेट कर दिया गया है। पिछले एक महीने में यह सिविल अस्पताल का तीसरा टेक्नीशियन है, जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहीं, करीब १५ डॉक्टर भी पूर्व में पॉजिटिव आ चुके हैं। लगभग २० दिनों पहले सिविल अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय जैन भी पॉजिटिव आ चुके हैं। कोरोना संक्रमण काल से लेकर अब तक ८५ से ज्यादा मेडिकल स्टाफ में वायरस की पुष्टि हो चुकी है। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ एसके नंदा ने बताया कि टेक्नीशियन ड्यूटी पर आ रहा था। पिछले कई दिनों से कोरोना के संदिग्ध लक्षण दिखने पर जांच कराई गई थी। जिसमें उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद परिवार की भी जांच कराई गई। घर के भी कई सदस्य संक्रमित निकले। वहीं, सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में पिछले दिनों मिले तीन कोरोना मरीजों को लोकबंधु अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। इमरजेंसी में इलाज कराने पहुंचे इन मरीजों का पहले एंटीजन टेस्ट किया गया था, जिसमें कोरोना की पुष्टि हुई। इसके बाद इन सभी मरीजों का नमूना लेकर क्रॉस जांच के लिए आरटी— पीसीआर जांच के लिए केजीएमयू भेजा गया। केजीएमयू की रिपोर्ट में भी इन मरीजों को कोरोना होने की पुष्टि हुई। इसके बाद तीनों मरीज को लोकबंधु कोविड अस्पताल में शिफ्ट कराया गया।

# पारा में पुलिस ने हिन्दू युवती और मुस्लिम युवक का विवाह रूकवाया

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पारा इलाके में विधिक नियम कायदों का पालन नहीं करने पर पुलिस ने एक हिन्दू युवती और मुस्लिम युवक का विवाह रूकवा दिया। इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नही की गयी है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) सुरेश चंद्र रावत ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को ऐसी सूचना मिली थी कि बुधवार को पारा इलाके की डूडा कलोनी में अन्तरधार्मिक विवाह हो रहा है। इस पर पुलिस दल वहां पहुंचा तो पाया कि शादी की तैयारियां हो रही थी। पुलिस ने दोनों परिवारों को विवाह के लिये आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने को कहा जिस पर परिजन राजी हो गये।

# ग्राम प्रधान के बेटे का हर्ष फायरिंग करते वीडियो हुआ वायरल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वैवाहिक समारोह में हर्ष फायरिंग के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। राजधानी के निगोहां से ताजा मामला प्रकाश में आया है। हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। फायरिंग करने वाले युवक की पहचान निगोहां ग्राम सभा के प्रधान पुत्र टिंकू दीक्षित के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो एक दिसंबर का है, जो निगोहां में एक शादी में हर्ष फायरिंग के दौरान मोबाइल में रिकर्ड किया गया था। फिलहाल, निगोहां पुलिस अब हर्ष फायरिंग करने वाले युवक की तलाश कर रही है। वीडियो में एक युवक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग कर रहा है। वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल होते ही निगोहां पुलिस हरकत में आ गई। आननफानन में युवक के खिलाफ एसएसआइ रामफल मिश्रा की तरफ से निगोहां थाने में मामला दर्ज कराया गया है। उधर, हर्ष फायरिंग कर रहे युवक की पहचान निगोहां ग्राम सभा के प्रधान पुत्र टिंकू दीक्षित के रूप में हुई। सीओ निगोहां सैय्यद नैमुल हसन ने बताया कि एसएसआइ रामफल मिश्रा की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# होमगार्ड के साथ दुर्घटना हुई तो परिजनों को आर्थिक मदद दी जाएगी : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि होमगार्ड विभाग हमेशा से ही निष्काम भाव से समाज की सेवा व देश की सुरक्षा में योगदान दिया है। कुंभ मेला हो, आपदा हो या अन्य क्षेत्र में कार्य करने के दौरान होमगार्ड स्वयंसेवको ने हमेशा अदम्य साहस का परिचय दिया है। इस सेवा और साहस का क्रम यूंही ही जारी रखें। दरअसल, होमगार्ड मुख्यालय स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित ५८वें उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ने कहीं। सीएम योगी ने कहा कि बिकरु कांड में घायल होमगार्ड जयराम को सरकारी मदद और चिकित्सा उपचार के लिए छह लाख की मदद दी गई है। होमगार्ड अपनी क्षमता और दक्षता के अनुसार ईमानदारी से सेवा देते रहें। होमगार्ड के साथ दुर्घटना हुई तो परिजनों को आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही पांच लाख की सहायता राशि भी दी जाएगी। राज्य सरकार कौशल विकास योजना के तहत १२०० जवान बाढ़ के लिए प्रशिक्षित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड स्वयंसेवकों की भूमिका हर स्तर पर सराहनीय रही है। उनकी कर्तव्यशीलता को देखते हुए होमगार्ड जवानों को आपदा प्रबंधन व मास्टर्स ट्रेनिंग से भी प्रशिक्षित किया है।



इस दौरान मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें याद किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने परेड वाहन से ग्राउंड का निरीक्षण किया। बैंड दल ने भी अपना हुनर मुख्यमंत्री के सामने दिखाया। वहीं, कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार ने कहा कि हमने अटोमैटिक सफ्टवेयर के जरिये ड्यूटी लगाए जाने और उन्हें भुगतान करने की व्यवस्था जल्द शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद, आगरा मंडली एवं जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, फतेहपुर जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, हमीरपुर जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, जौनपुर व फतेहगढ़ होमगार्ड कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद का नाम स्वर्गीय चेतन चौहान होमगार्ड मंडली प्रशिक्षण केंद्र रखा गया। इस मौके पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, डीजीपी हितेश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, स्वर्गीय मंत्री चेतन चौहान की पत्नी विधायक संगीता चौहान, अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार, महानिदेशक होमगार्ड विजय कुमार व महापौर संयुक्ता भाटिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आवास विकास कॉलोनी में चालक की गोली मारकर हत्या

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी में गोल चक्कर के पास गुरुवार देर रात बोलेरो चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को गाड़ी के अंदर चालक का शव मिला। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। मूलरूप से थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी अनिल का बड़ा बेटा संजय उर्फ कल्लू अपनी पत्नी रेशमा और तीन बच्चों के साथ कांशीराम कलोनी स्थित अपने आवास में रहता था। वह मेडिकल कलेज में लगी बोलेरो को प्राइवेट तौर पर चलाता था। रेशमा के मुताबिक गुरुवार रात संजय ने परिवार के साथ खाना खाया और लेट गया। रात करीब ११.३० बजे उसके पति के मोबाइल पर किसी का फोन आया। संजय पत्नी से यह कहकर निकल गया कि कहीं आग लग गई है। दरवाजा सही से बंद कर लेना, जल्द लौट के आ रहा हूं। इसके बाद रेशमा अपने बेटे अंशु (१०), अजय(चार) और चांदनी (तीन) के साथ सो गई।

# छात्रा को थप्पड़ मारना सिपाही को पड़ा महंगा, एसपी ने लिया ये एक्शन

शाहजहांपुर (अल्हागंज)। कोचिंग के बाहर खड़ी छात्रा के साथ नशे में धुत सिपाही ने पहले गाली—गलौज की। विरोध करने पर सिपाही ने छात्रा को थप्पड़ मार दिया। छात्रा की सूचना पर परिजन आ गए। अखिल भारतीय परिषद के कार्यकर्ता व छात्रों के साथ परिजनों ने थाने में हंगामा किया। पुलिस ने सिपाही को थाने में बैठा लिया। अधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी लेकिन सिपाही का काफी देर तक मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया। छात्रा के पिता ने सिपाही के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। किसी छात्र ने इसका वीडियो भी बना लिया जो वायरल हो रहा है। कस्बा के मोहल्ला बागिया निवासी मास्टर रामनाथ सिंह के मकान में अल्हागंज थाने में तैनात सिपाही मुकेश कुमार किराये पर रहता है। रामनाथ सिंह मकान के एक हिस्से में कोचिंग चलाते हैं। गुरुवार दोपहर करीब १२ बजे एक बैच अंदर पढ़ाई कर रहा था। बैच खत्म होने वाला था और दूसरे बैच के छात्र कोचिंग के बाहर खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। छात्र आपस में बातचीत कर



रहे थे। तभी नशे में धुत सिपाही मुकेश कुमार आया और मोहल्ला दखिनउआ निवासी छात्रा प्रीति सिंह से गाली—गलौज करने लगा। विरोध करने पर सिपाही छात्रा के साथ मारपीट करने लगा। वहां मौजूद छात्रों ने किसी तरह से छात्रा को बचाया। सिपाही डंडा लेकर वहां से छात्रों को भगाने लगा। इसी बीच छात्रा के परिजन मौके पर पहुंच गए। छात्रों के साथ परिजन थाने पहुंच गए। सूचना मिलने पर अखिल भारतीय परिषद के कार्यकर्ता भी थाने पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। मोहल्ले वालों ने बताया कि सिपाही अक्सर शराब पीकर मोहल्ले में हंगामा करता है। पुलिस ने छात्रा के पिता सल्लू सिंह की तहरीर पर आरोपी सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अल्हागंज अजब सिंह ने बताया कि सिपाही को थाने में बैठा लिया गया है। तहरीर के आधार पर सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की जानकारी एसपी को दे दी गई है। आरोपी सिपाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरोपी सिपाही मुकेश कुमार को सस्पेंड किया गया है। अनुशासन ही पुलिस की पहचान है। अनुशासनहीनता करने वाले और आम जनता से दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। —एसपी एस आनंद

# सीएम योगी ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज चौराहा पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, इसके बाद उत्तर प्रदेश अंबेडकर महासभा के कार्यक्रम में संगोष्ठी को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। उत्तर प्रदेश अंबेडकर महासभा के प्रांगण में उन्होंने कहा कि संविधान की रचना का काम विरले लोग ही कर पाते हैं। हमें उनके आदर्श पर चलकर बंधुता के भाव को आगे बढ़ाना है। बाबा साहेब ने चार मानवीय मूल्यों पर आधारित भारत के संविधान की रचना की। यह चार हैं– बंधुता, समानता, न्याय और स्वतंत्रता। इन्हीं मूल्यों पर आधारित भारत का संविधान बाबा साहेब की यश एवं कीर्त को दिग–दिगंत तक निरंतर आगे ले जाता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भेदभाव रहित समाज की स्थापना ही उनका मूल उद्देश्य रहा। छुआछूत और अस्पर्शता से मुक्त समतामूलक समाज के योगदान को कोई भी नहीं भूल सकता है। उन्हीं के पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए समतामूलक समाज को आगे ले जाना है। बाबा साहेब ने देश के करोड़ों लोगों, विशेषकर गरीब, पिछड़े और दलितों को मजबूती देने का प्रयास और उन्हें मुख्यधारा में आगे लाने के लिए प्रेरित करने का काम किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों



स्वामी प्रसाद मौर्य, रमापति शास्त्री, ब्रजेश पाठक के साथ अंबेडकर महासभा के प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के अस्थिकलश पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर महामानव बताया।हमें उनके आदर्श पर चलकर बंधुता के भाव को आगे बढ़ाना है। बाबा साहेब ने चार मानवीय मूल्यों पर आधारित भारत के संविधान की रचना की। बंधुता, समानता, न्याय और स्वतंत्रता। इन्हीं मूल्यों पर आधारित भारत का संविधान बाबा साहेब की यश एवं कीध्त को दिग–दिगंत तक निरंतर आगे ले जाता रहेगा। सीएम ने कहा कि भेदभाव रहित समाज की स्थापना ही उनका मूल उद्देश्य रहा। छुआछूत और अश्पृश्यता से मुक्त समतामूलक समाज के योगदान को कोई भी नहीं भूल सकता है। उन्हीं के पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए समतामूलक समाज को आगे ले जाना है। देश के करोड़ों लोगों, विशेषकर गरीब, पिछड़े और दलितों को मजबूती देने का प्रयास और उन्हें मुख्यधारा में आगे लाने के लिए प्रेरित करने का काम किया। श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस दौरान समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी पर हमला बोला। उन्होने कहा कि सपा प्रमुख और उनकी पार्टी के नेता बाबासाहेब को ड्राफ्टमैन बताते थे। दलितों के आरक्षण में घालमेल करने वाली सपा अब दलितों का हितैषी बनने का ढोंग कर रही है। वास्तव में इस घालमेल को भाजपा ने दुरुस्त करने का काम किया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बाबा साहेब के कामों को समाज को मुख्यधारा में लाने का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को दिया। लंदन में डॉ. अंबेडकर के आवास का जिक्र करते हुए श्रम मंत्री ने कहा कि उसे बचाने का काम भाजपा सरकार ने किया। बसपा पर व्यंग्य बाण छोड़ते हुए उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार को कटघरे में खड़ा किया। विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को संविधान देने वाले बाबा साहेब ही थे। पहली बार मत देने का अधिकार संविधान रचयिता ने ही दिलाया। इसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। भाजपा सरकार बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ा रही है। उनके विचारों को आगे ले जा रही है। पूर्ववर्ती सरकारों को सोचना चाहिए अब सिर्फ बयानबाजी से काम नहीं चलने वाला।उत्तर प्रदेश वित्त विकास निगम के अध्यक्ष डॉ. लालजी सुमन ने कहा कि बाबा साहेब की वैचारिकी को आगे ले जाना का काम पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया। हकीकत में बाबा साहेब को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाने का काम पीएम मोदी सरकार ने किया। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि लंदन स्थित आवास की जब नीलामी की बात आई तो सबसे पहले अपेक्षा थी कि बहन मायावती का बयान और हल सामने आएगा। ठोस प्रतिक्रिया तक नहीं दिखी। सपा के मुखिया का भी बयान नहीं आया। लेकिन मोदी सरकार इस विषय सबसे पहले आगे आई। न केवल बयान दिया बल्कि उसे खरीदकर स्मारक के रूप में बनाने का निर्णय लिया। आज आंबेडकर पूरी दुनिया में प्रासंगिक हैं। वनटांगिया समाज के लोगों के लिए योगी सरकार द्वारा किए गए कार्य सराहनीय हैं। इस मौके पर बीना मौर्या, अमरनाथ प्रजापति, जयशंकर समेत तताम लोग मौजूद रहे।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

## अक्षय ने शुरू की फिल्म 'अतरंगी रे' की शूटिंग

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने सारा अली खान के साथ फिल्म 'अतरंगी रे' की शूटिंग शुरू कर दी है। अक्षय कुमार ने फिल्मकार आनंद एल. राय की फिल्म 'अतरंगी रे' की



शूटिंग शुरू कर दी है। अक्षय ने इसकी सूचना सोशल मीडिया के जरिए दी। अक्षय ने सारा अली खघन के साथ एक तस्वीर शेयर कर लिखा, उन तीन जादुई शब्दों से जो आनंद मिलता है, उसका कोई मुकाबला नहीं। लाइट्स, कैमरा, एक्शन। आनंद एल राय की फिल्म अतरंगी रे की शूटिंग शुरू कर रहा हूं। आप सबका प्यार और शुभकामनाएं चाहिए। फिल्म में एआर रहमान का संगीत होगा। फिल्म की कहानी हिमांशु शर्मा ने लिखी है। गौरतलब है कि अतरंगी रे में अक्षय और सारा अली खघन के साथ धनुष भी लीड स्टार कास्ट का हिस्सा हैं। फिल्म में सारा अली खघन डबल रोल निभा रही हैं। अतरंगी रे अगले साल रिलीज होगी।

## यह एक खास साल रहा है : नवाजुद्दीन सिद्दीकी

मुंबई। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के लिए यह साल अच्छा रहा है। लॉकडाउन के बावजूद, वह ओटीटी स्पेस में बेहतरीन अभिनय के बूते अपनी शानदार मौजूदगी दर्ज कराने में सफल रहे। २०२० में, अभिनेता ने डिजिटल रूप से रिलीज होने वाली फिल्मों 'रात अकेली है' और 'सीरियस मेन' में अपनी भूमिकाओं से प्रभावित किया। 'रात अकेली है' में इंस्पेक्टर जटिल यादव और 'सीरियस मेन' में अय्यन मणि भारतीय ओटीटी स्पेस में दो सबसे यादगार किरदार रहे हैं, एक ऐसे साल में जब विजुअल एंटरटेनमेंट को डिजिटल कन्टेंट द्वारा परिभाषित किया गया है। अभिनेता इस बात से सहमत हैं कि यह एक खास साल रहा है। नवाजुद्दीन ने कहा, यह दो पूरी तरह से विपरीत चरित्रों के कारण एक विशेष वर्ष रहा है जो मैंने निभाया–जटिल यादव और अय्यन मणि का। दोनों किरदारों ने अलग–अलग विचारधाराओं और तौर–तरीकों का प्रतिनिधित्व किया, जो उन्हें अलग खड़ा करते हैं। मैं



अपने दर्शकों से मिले प्यार और प्रशंसा के लिए आभारी हूं। अभिनेता ने कहा कि एक कलाकार के लिए, अपनी कला में खुद को बेहतर बनाने के लिए यह कभी खत्म नहीं होने वाली यात्रा है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar @yahoo.in
adbhut_samachar @rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक